नया इंडिया
राजस्थान
# भीलवाड़ा

## गुवारड़ी स्कूल में भेंट किया सोलर पैनल

**भीलवाड़ा।** मिनोवा रुनाया कंपनी के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी प्रोजेक्ट के तहत भीलवाड़ा जिले की गुवारड़ी ग्राम पंचायत स्थित गवर्नमेंट स्कूल, श्रीराम नगर में व्यापक स्कूल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्य किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में स्थापित सोलर पैनल का विधिवत उद्घाटन किया गया। प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्कूल भवन एवं शौचालय का नवीनीकरण, बच्चों के बैठने हेतु बेंच एवं टेबल की व्यवस्था, स्पोर्ट्स किट का वितरण, लाइब्रेरी सेटअप तथा अन्य आवश्यक विकास कार्य किए गए हैं। इन सभी पहलों से विद्यालय के शैक्षिक वातावरण में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है।

## आयुष्मान योजना और स्वास्थ्य सेवाओं की डॉ. जोधा ने की समीक्षा

**भीलवाड़ा।** अजमेर जोन के संयुक्त निदेशक डॉ. सम्पत सिंह जोधा ने भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर और माण्डलगढ़ उप जिला चिकित्सालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने और राज्य सरकार की योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने पर जोर दिया। डॉ. जोधा ने 'मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना' के तहत क्लेम बुकिंग की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी माह से सभी संस्थान नियमित प्रगति रिपोर्ट जोन स्तर पर भेजें। विश्व कैंसर दिवस पर जहाजपुर में आयोजित स्क्रीनिंग शिविर का अवलोकन करते हुए उन्होंने गैर-संचारी रोगों (NCD) की समय पर पहचान और जन-जागरूकता को अनिवार्य बताया। उन्होंने दवाओं और जांचों की उपलब्धता की समीक्षा की और कहा कि कोई भी पात्र मरीज लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ को मरीजों के प्रति संवेदनशील व्यवहार, साफ-सफाई और रिकॉर्ड संधारण के सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में सीएमएचओ डॉ. संजीव कुमार शर्मा सहित स्थानीय चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

# गहने लूट की नियत से वृद्धा को चारपाई समेत उठा ले गए बदमाश

ग्रामीणों ने घेरा तो खेत में छोड़ भागे, कोठिया गांव की घटना।

**भीलवाड़ा** ■ संवाद सूत्र

जिले के कोठियां गांव में बीती रात बदमाशों ने एक ऐसी वारदात को अंजाम दिया जिसने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। चोरों ने न केवल चोरी की नीयत से घर में प्रवेश किया, बल्कि घर के बाहर सो रही 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला, छोटी देवी माली को उनकी चारपाई सहित उठाकर खेत में ले गए। यह घटना माली मोहल्ले की है, जहां अपराधी करीब डेढ़ किलो चांदी के जेवर लूटने के इरादे से आए थे। बुधवार की रात करीब 1:00 से 1:30 बजे के बीच जब पूरा गांव गहरी नींद में था, बदमाशों ने छोटी देवी के कमरे में प्रवेश किया। वृद्धा की उम्र और बेबसी का फायदा उठाते हुए चोरों



ने उनके हाथ-पैर बांध दिए और चिल्लाने से रोकने के लिए उनके मुंह में कपड़ा ठूंस दिया। इसके बाद अपराधी उन्हें चारपाई समेत उठाकर घर से लगभग 300 फीट दूर एक खेत में ले गए। वारदात को अंजाम देने के तरीके से साफ पता चलता है कि चोर पूरी तैयारी के साथ आए थे। उन्होंने मकान तक पहुँचने के लिए रास्ते में पड़ने वाले सात-आठ खेतों की लोहे की जाली काट दी थी। इतना ही नहीं, परिवार का कोई सदस्य बाहर न आ सके, इसके लिए उन्होंने अन्य कमरों की बाहर से कुंडी लगा दी थी।

घटना का खुलासा तब हुआ जब छोटी देवी के कमरे से कुछ आहट सुनकर उनके पौत्र संजय माली की भाभी की नींद खुल गई। जब उन्होंने कमरे में देखा तो दादी गायब थीं, जिससे घर में हड़कंप मच गया। दरवाजे बाहर से बंद होने के कारण परिजनों ने छत पर चढ़कर शोर मचाया, जिसे सुनकर सैकड़ों ग्रामीण इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों और युवाओं की मुस्तैदी ने चोरों के इरादों पर पानी फेर दिया। खुद को घिरता देख चोर वृद्धा को गेहूं के खेत में छोड़कर फरार हो गए। करीब आधे घंटे की तलाशी के बाद ग्रामीणों ने छोटी देवी को बंधक अवस्था में ढूंढ निकाला। गनीमत रही कि उनके शरीर पर मौजूद करीब डेढ़ किलो चांदी के गहने सुरक्षित बच गए, जिन्हें लूटने के लिए ही चोर उन्हें उठाकर ले गए थे। हालांकि चोरों ने वृद्धा के कमरे से एक डिब्बा चुरा लिया था, जिसमें सोने का मांदलिया और कान के जेवर थे। यह डिब्बा बाद में हनुमान मंदिर के पास एक नहर में खाली मिला। इस भयावह घटना ने 90 वर्षीय छोटी देवी को गहरे सदमे में डाल दिया है। वे वर्तमान में बोलने की स्थिति में नहीं हैं और बुरी तरह डरी हुई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब लोग अपने घरों के अंदर भी सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं। गांव में बढ़ते चोरों के आतंक ने प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## कोठारी ने उठाई सफाईकर्मियों की भर्ती और वाल्मीकि समाज के हक की आवाज

**भीलवाड़ा** ■ संवाद सूत्र

राजस्थान विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव के जरिए भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी ने प्रदेश की चरमराई सफाई व्यवस्था और सफाईकर्मियों की लंबित भर्ती का मुद्दा पुरजोर तरीके से उठाया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'स्वच्छ भारत अभियान' का संदर्भ देते हुए कहा कि कचरा मुक्त भारत का सपना तभी साकार होगा, जब जमीनी स्तर पर पर्याप्त संख्या में सफाईकर्मी तैनात होंगे। विधायक कोठारी ने सदन का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि वर्ष 2018 के बाद से प्रदेश में सफाईकर्मियों की नियमित भर्ती नहीं हुई है। पिछली भर्तियों में अनुभव प्रमाण पत्र जैसी तकनीकी जटिलताओं के कारण प्रक्रिया को निरस्त



करना पड़ा था। उन्होंने तर्क दिया कि: सफाई कार्य से परंपरागत रूप से जुड़े वाल्मीकि समाज से अनुभव प्रमाण पत्र मांगना अव्यावहारिक है। अन्य समाजों के लोग चयनित होने के बाद मूल सफाई कार्य के बजाय कार्यालयी कार्यों में लग जाते हैं, जिससे स्वच्छता व्यवस्था प्रभावित होती है। विधायक ने भीलवाड़ा का आंकड़ा पेश करते हुए बताया कि शहर में 2300 कर्मियों की आवश्यकता के मुकाबले मात्र 900 कर्मी कार्यरत हैं। उन्होंने संविदा पर काम कर रहे कर्मियों की दुर्दशा पर चिंता जताते हुए कहा कि वे कम मानदेय और बिना पीएफ जैसी शोषणकारी स्थितियों में काम कर रहे हैं। कोठारी ने सरकार से इस दिशा में सफाईकर्मी भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने, अनुभव प्रमाण पत्र के बजाय चयनित कर्मियों को 2-3 साल अस्थायी रूप से रखकर बाद में स्थायी करने, मस्टरोल के माध्यम से भर्ती कर भविष्य में नियमितीकरण का मार्ग प्रशस्त करने की मांग की।

## फटाफट

### कोठारी नदी में मिला मृत नवजात

**भीलवाड़ा।** जिले के मांडल थाना क्षेत्र में गुरुवार को मानवीय संवेदनाओं को झकझोर देने वाली एक हृदयविदारक घटना सामने आई। यहाँ अजमेर रोड स्थित आरजिया के समीप कोठारी नदी के बहते पानी में एक नवजात शिशु का शव मिला। इस दृश्य ने न केवल स्थानीय लोगों को स्तब्ध कर दिया, बल्कि समाज के उस काले चेहरे को भी उजागर किया है जहाँ एक मासूम को दुनिया देखने से पहले ही मौत के हवाले कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार को कोठारी नदी के किनारे से गुजर रहे राहगीरों की नजर पानी में तैरते एक छोटे से शरीर पर पड़ी। जब पास जाकर देखा गया तो वह नवजात शिशु का शव था। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। दृश्य इतना मार्मिक था कि वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं और लोगों ने इस कृत्य को अंजाम देने वालों के खिलाफ गहरा आक्रोश व्यक्त किया। सूचना मिलते ही मांडल थाना पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस अब दोषियों तक पहुंचने के लिए चौतरफा जांच कर रही है: नदी की ओर आने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

### वाहन से बैटरियां चुराने के दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा।** शहर की सुभाषनगर थाना पुलिस ने वाहन चोरों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बैटरियां चुराने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने शहर के विभिन्न इलाकों में छोटी गाड़ियों से बैटरियां चोरी करने की बात कबूल की है। कार्रवाई 25 जनवरी को आरके कॉलोनी स्थित दारू गोदाम क्षेत्र में हुई एक चोरी की शिकायत के बाद की गई। राहुल नामक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके टेंपो से अज्ञात चोरों ने बैटरी पार कर दी है। जांच अधिकारी दीवान सतीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने संदिग्धों पर नजर रखी और दो आरोपियों विक्रम सिंह उर्फ मोंटू निवासीः कावांखेड़ा कच्ची बस्ती, नरेश उर्फ नन्नू (निवासीः घोसी मोहल्ला, जवाहर नगर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कि वे अक्सर शराब पीने के बाद रात के अंधेरे में वारदातों को अंजाम देते थे।

## नगर निगम बोर्ड की विदाई से पहले शहर को सौगात

मिले फरसा, त्रिशूल और त्रिनेत्र चौराहा।

**भीलवाड़ा** ■ संवाद सूत्र

नगर निगम के भाजपा बोर्ड का कार्यकाल 6 फरवरी को समाप्त हो रहा है। 7 फरवरी से जिला कलेक्टर प्रशासक के रूप में कार्यभार संभालेंगे। अपने कार्यकाल के अंतिम दो दिनों को यादगार बनाते हुए महापौर राकेश पाठक शहर के सौंदर्यीकरण और जन-आस्था को समर्पित तीन प्रमुख सर्किलों



का लोकार्पण कर रहे हैं। इन स्मारकों को जयपुर की प्रसिद्ध फर्म 'भारती शिल्पकार कंपनी' द्वारा तैयार किया गया है, जो शहर की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को नई ऊंचाई प्रदान करेंगे। इस कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल, पूर्व सभापति रामपाल सोनी और विधायक अशोक कोठारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इन सभी कार्यक्रमों की अध्यक्षता महापौर राकेश पाठक करेंगे। यह बोर्ड के कार्यकाल का अंतिम और प्रभावशाली कदम माना जा रहा है। शहर के सौंदर्यीकरण अभियान के तहत तीन प्रमुख स्थानों पर धार्मिक प्रतीकों की स्थापना की गई है।

**आस्था के केंद्रों का होगा लोकार्पण :** भगवान परशुराम का फरसाः जेल चौराहे पर स्थित परशुराम सर्किल पर 36 फीट ऊंचे भव्य फरसे का लोकार्पण गुरुवार शाम को किया गया। ब्राह्मण समाज के आराध्य देव के इस प्रतीक को लेकर समाज में भारी उत्साह है।

भगवान महेश का त्रिशूलः माहेश्वरी समाज की आस्था के केंद्र भगवान महेश के प्रतीक त्रिशूल का लोकार्पण 6 फरवरी को सुबह 9 बजे महेश सर्किल पर होगा।

महाकाल का त्रिनेत्रः शास्त्रीनगर पुरानी पुलिस चौकी सर्किल पर महाकाल के त्रिनेत्र स्थापित किए गए हैं। इस चौराहे का नाम अब 'त्रिनेत्र सर्किल' रखा गया है, जिसका लोकार्पण 6 फरवरी को सुबह 11:30 बजे निर्धारित है।

## सुर्खियां

### कथा स्थल का लिया जायजा

**सवाईपुर।** क्षेत्र के आकोला में देवकीनंदन ठाकुर महाराज की भक्तमाल कथा का आयोजन 6 मार्च से होगा, इसको लेकर कथा स्थल का निरीक्षण किया गया। आयोजन कर्ता गणपत जांगिड़ ने बताया कि देव नगरी आकोला में परम पूज्य विश्व शांति दूत धर्म रत्न पंडित श्री देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज के मुखारबिंद से श्री भक्तमाल कथा का आयोजन 6 से 8 मार्च तक आकोला में किया जाएगा। इसको लेकर आज बुधवार को विश्व शांति सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट व्यवस्थापक विष्णु शर्मा वृंदावन से आकोला गांव पहुंचे और बनास नदी किनारे कथा स्थल का निरीक्षण कर पंडाल व कथा स्थल को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान आकोला शिवालय महंत रामस्नेही दास महाराज, श्याम सुंदर नोलखा, आशीष पोरवाल, शिव सोनी, शिवनारायण काबरा, रामेश्वर मूंदड़ा बीगोद, हिम्मत पारीक, राकेश दरक मौजूद रहे।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर 8 को

**भीलवाड़ा।** जिले के सवाईपुर कस्बे के निकटवर्ती सोपुरा जाटों का गांव में 8 फरवरी को निःशुल्क परामर्श, जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। किशनलाल जाट प्रशासक व रामेश्वर जाट गौ सेवक ने बताया कि पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल, भीलों का बेदला एवं ग्राम पंचायत सोपुरा जाटों का के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क परामर्श, जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन 8 फरवरी रविवार को प्रातः 11 से दोपहर 3 बजे तक मातेश्वरी गोशाला में होगा। शिविर में नेत्र रोग विभाग, हड्डी रोग विभाग, चर्म रोग विभाग, शिशु रोग विभाग, नाक, कान, गला रोग विभाग, जनरल मेडिसिन रोग विभाग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, वक्ष एवं यक्ष रोग विभाग, जनरल सर्जरी रोग विभाग, मनोचिकित्सा रोग विभाग आदि शामिल होंगे।

### विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

**भीलवाड़ा।** जिले के सवाईपुर क्षेत्र के बड़ला ग्राम पंचायत के पीथास गांव में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में श्री महावीर युवक मण्डल सेवा संस्थान भीलवाड़ा के सहयोग से अध्ययनरत 109 छात्र-छात्राओं को सर्दी से बचाव हेतु स्वेटर वितरण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में संस्थान के अध्यक्ष पंकज लालानी, मंत्री महावीर बडोला, पूर्व अध्यक्ष पुखराज चौधरी व शौकीन डागा उपस्थित थे।

### अमरतियां में निकली हरी बोल प्रभात फेरी

**भीलवाड़ा।** जिले के सवाईपुर क्षेत्र के अमरतिया गांव में बुधवार को हरि बोल प्रभात फेरी का आयोजन हुआ, जिससे गांव का वातावरण भक्तिमय हो गया, गांव की हर गली में हरी बोल के जयकारें गुज उठे। आयोजक कर्ता दुर्गा सिंह ने बताया कि कल बुधवार को हरि बोल प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।

## हद ए लापरवाही - साल भर से व्यर्थ बह रहा चंबल का पानी

**भीलवाड़ा** ■ संवाद सूत्र

शहर के बड़ी हरणी गांव के बाहर हरणी महादेव रोड पर पंचवटी के पास जलदाय विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहाँ पिछले करीब एक साल से चंबल पाइपलाइन में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर बड़े लीकेज हैं, जिसके चलते रोजाना हजारों लीटर शुद्ध पेयजल सड़कों पर बहकर व्यर्थ हो रहा है। विडंबना यह है कि एक तरफ शहर के कई हिस्सों में पानी की किल्लत रहती है, वहीं दूसरी ओर यहाँ महीनों से हो रही इस बर्बादी को रोकने के लिए



विभाग कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। सड़क पर लगातार पानी बहने से पूरी सड़क कीचड़ में तब्दील हो चुकी है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों का निकलना दूभर हो गया है। सबसे गंभीर स्थिति पेयजल आपूर्ति को लेकर है; पाइपलाइन में लीकेज होने के कारण बाहर का गंदा पानी और कीचड़ पाइपों के भीतर चला जाता है, जिसके परिणामस्वरूप क्षेत्रवासियों के घरों में नलों के जरिए दूषित और बदबूदार पानी पहुँच रहा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि वे लंबे समय से कीचड़ मिला पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी गंभीर संकट खड़ा होने की आशंका है। इलाके के लोगों ने रोष प्रकट करते हुए बताया कि दूषित पानी के सेवन से बच्चों और बुजुर्गों में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है और उन्हें यहाँ इंदौर जैसी किसी बड़ी जलजनित त्रासदी का अंदेशा बना हुआ है। इसके अलावा, जमा हुए पानी में मच्छरों के पनपने से डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का प्रकोप भी फैल रहा है। क्षेत्रवासियों ने जलदाय विभाग को कई बार लिखित और मौखिक रूप से इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अधिकारियों की कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। विभाग की इस बेरुखी और सुनवाई न होने से स्थानीय जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है।

## समाचार-आसपास

### एनएच पर अनियंत्रित ट्रेलर पलटा



**जहाजपुर।** नेशनल हाईवे 148-डी पर चावंडिया चौराहे पर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब प्लास्टिक के दानों से भरा ट्रेलर ट्रॉली तेज रफ्तार में मोड़ काटते समय अनियंत्रित होकर पलट गई। कुछ देर के लिए, यातायात बाधित हो गया। घटना की सूचना मिलते ही जहाजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्था को संभाला। जांच में सामने आया कि ट्रेलर चालक नशे की हालत में वाहन चला रहा था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चालक व ट्रेलर को मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के तहत गिरफ्तार कर लिया। हादसे में किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, जिससे बड़ा नुकसान टल गया। एएसआई इस्लाम खां ने बताया कि पुलिस की त्वरित कार्रवाई से सड़क पर आवागमन शीघ्र सामान्य कर दिया गया।

### पंचमुखी दरबार में संत समागम

**भीलवाड़ा।** मेवाड़ के प्रसिद्ध श्री पंचमुखी दरबार में देशभर के संतों का समागम और स्वामी सर्वेशानंद जी महाराज के भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन में नांदेड़ महाराष्ट्र के पीपली के प्रसिद्ध मठ के महामंडलेश्वर वेंकटेश्वरदास जी, मध्य प्रदेश में स्थित श्री ओंकारेश्वर धाम के महंत श्यामसुंदर दास जी सहित देश भर के विभिन्न प्रदेशों से मठों व धामों के महंत एवं संत शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने भी संतों के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर श्री पंचमुखी दरबार की आकर्षक सजावट की गई थी। श्री पंचमुखी दरबार के श्रृंगार की छटा देखते ही बन रही थी।

### युवाओं में भारी उत्साह, 10 दिनों में 5 हजार से अधिक आवेदन

**भीलवाड़ा।** मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना को लेकर प्रदेश के युवाओं में जबरदस्त रुझान देखने को मिल रहा है। 22 जनवरी से शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया के मात्र 10 दिनों के भीतर ही 5,089 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें भीलवाड़ा जिले से 144 आवेदन शामिल हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 12 जनवरी को शुरू की गई इस योजना का लक्ष्य एक लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। योजना की मुख्य विशेषताएं जिनमें विनिर्माण, सेवा और व्यापार क्षेत्र में सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने के लिए 10 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। ब्याज का शत-प्रतिशत पुनर्भरण राज्य सरकार करेगी। योजना के तहत अधिकतम 50 हजार रुपये तक की मार्जिन मनी और CGTMSE शुल्क के पुनर्भरण का भी प्रावधान है। आवेदकों की शैक्षणिक योग्यता के आधार पर ऋण राशि तय की गई है। 8वीं से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण के लिए, सेवा/व्यापार के लिए 3.5 लाख और मैन्युफेक्चरिंग के लिए 7.5 लाख रुपये तक का ऋण (अधिकतम 35 हजार मार्जिन मनी), सेवा/व्यापार के लिए 5 लाख और मैन्युफेक्चरिंग के लिए 10 लाख रुपये तक का ऋण (अधिकतम 50 हजार मार्जिन मनी)।

**टाइटन बायोटेक लिमिटेड**
**CIN:** L74999RJ1992PLC013387
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 903-909, 9वीं मंजिल, बिगजोस टॉवर, नेताजी सुभाष प्लेस, दिल्ली-110034, भारत, **दूरभाष:** 011-27355742, 71239900
**पंजीकृत कार्यालय और कार्य: यूनिट I:** A-902A, RIICO औद्योगिक क्षेत्र, चरण III, भिवाड़ी-301019, राजस्थान **यूनिट II:** E-540, औद्योगिक क्षेत्र, चोपनकी, भिवाड़ी-301019, राजस्थान **ई-मेल:** hrd@titanbiotechltd.com, accounts@titanbiotechltd.com, purchase@titanbiotechltd.com
**वेबसाइट:** www.titanbiotechltd.com, www.tmmedia.in

**टाइटन बायोटेक लिमिटेड की भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण एवं डीमैटरीकरण हेतु विशेष विंडो**

सेबी परिपत्र संख्या **SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 दिनांक 02 जुलाई, 2025** के क्रम में यह सूचित किया जाता है कि निवेशकों के लिए निवेश को सुगम बनाने तथा उनके द्वारा खरीदी गई प्रतिभूतियों में उनके अधिकारों की सुरक्षा हेतु, सेबी ने अपने परिपत्र संख्या **HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026** के माध्यम से, **केवल 01 अप्रैल, 2019** से पूर्व बेची/खरीदी गई **भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण एवं डीमैटरीकरण ("डीमैट")** के लिए **एक और विशेष विंडो** खोली है।

उक्त विशेष विंडो **05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027** तक, **कुल एक वर्ष** की अवधि के लिए खुली रहेगी। यह विशेष विंडो उन हस्तांतरण अनुरोधों के लिए भी उपलब्ध रहेगी, जिन्हें पूर्व में प्रस्तुत किया गया था तथा जो दस्तावेज़ों, प्रक्रिया या अन्य किसी कमी के कारण अस्वीकृत/वापस किए गए/लंबित रह गए थे।

**जो निवेशक पूर्व की अंतिम तिथि 06 जनवरी, 2026 तक** प्रक्रिया पूर्ण नहीं कर सके थे, वे अब इस अवसर का लाभ कंपनी के रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट के पास आवश्यक दस्तावेज़ प्रस्तुत कर उठा सकते हैं: **बीटल फाइनेंशियल एंड कंप्यूटर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,** बीटल हाउस, तीसरी मंज़िल, 99 मदनगीर, एल.एस.सी. के पीछे, नई दिल्ली – 110062 दूरभाष : 011-42959000, 011-29961281-283 ई-मेल : beetalrta@gmail.com

कृते **टाइटन बायोटेक लिमिटेड**
हस्ता./-
**चरनजीत सिंह**
(कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी)

स्थान : दिल्ली
दिनांक : 05/02/2026